# राधे के सेट पर साइकल से पहुंचे सलमान खान

बॉलिवुड के सुपरस्टार सलमान खान इस इंडस्ट्री के सबसे चहेते ऐक्टर्स में से एक हैं। फिलहाल वह अपनी हालिया रिलीज़ फिल्म दबंग 3 की सफलता और अपने घर आई नई-नवेली और नन्ही मेहमान अयात शर्मा की एंट्री को इंजॉय कर रहे हैं। इस डबल सेलिब्रेशन के बाद सलमान अब अपने काम पर वापस लौट चुके हैं। उन्होंने अपने अगली और बहुचर्चित फिल्म राधे- द मोस्ट वॉन्टेड भाई की शूटिंग शुरू कर दी है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि सलमान अक्सर साइकल की सवारी के लिए अपनी फैन्सी कार को भी भाव नहीं देते। किक ऐक्टर अक्सर सेट पर अपनी कार को छोड़ साइकल से पहुंचते हैं। बता दें कि इन दिनों सलमान मुंबई में अपनी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं और सेट तक पहुंचने के लिए कार की जगह साइकल का सहारा ले रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो पिछले वीक सलमान धोबी



घाट में एक गाने की शूटिंग कर रहे थे। इस गाने का टाइटल है, नॉक नॉक तेरा बाप आया और इस गाने में वह अपने 50 जूनियर आर्टिस्ट्स के साथ ताल मिलाते नजर आएंगे। ये आर्टिस्ट इस गाने में पुलिस और धोबी के लुक में दिखेंगे। सलमान बांद्रा में रहते हैं और लंबे डिस्टेंस के बावजूद महालक्ष्मी में मौजूद इस सेट तक जाने के लिए उन्होंने साइकल का सहारा लिया। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि उनकी सिक्यॉरिटी कार उनके पीछे-पीछे चल रही थी और लोग उन्हें आसानी से पहचान न सकें इसलिए उन्होंने टोपी पहन रखी थी। कहा यह भी जा रहा है कि डायरेक्टर प्रभुदेवा इस फिल्म के ऐक्शन सीक्वेंस की शूटिंग रविवार को मलाड ईस्ट में मौजूद एक फिल्म स्टूडियो में करने जा रहे हैं और यहां भी सलमान ने अपनी साइकल से ही पहुंचने का मन बना रखा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो राधे के अलावा सलमान ने अपनी अगली ईद को लेकर भी अनाउंस कर दिया है और इस फिल्म का नाम कभी ईद कभी दिवाली रखा गया है। इसे फरहाद सामजी डायरेक्ट करेंगे और प्रड्यूस कर रहे हैं साजिद नाडियाडवाला। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में सलमान के साथ कृति सैनन रोमांस करती दिखेंगी, हालांकि इसे लेकर अभी तक कोई ऑफिशल कन्फर्मेशन नहीं है।

# स्ट्रीट डांसर 3डी के गाने पर डांस स्टेप भूल गईं श्रद्धा कपूर

वरुण धवन और श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी कहानी के साथ ही अपने डांस नंबर्स को लेकर चर्चा में है। इस समय दोनों स्टार्स फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म के सॉन्ग इल्लीगल वेपन 2.0 वरुण और श्रद्धा ने कमाल का डांस किया है। वहीं, फिल्म के प्रमोशन के लिए गुजरात पहुंचें दोनों ऐक्टर्स ने होटल के रूम में इस गाने को रिक्रिऐट करने की कोशिश की।

सॉन्ग इल्लीगल वेपन 2.0 में चल रहा था और वरुण और श्रद्धा इस पर डांस कर रहे थे। हालांकि, श्रद्धा गाने पर डांस स्टेप भूल गईं और फिर वरुण ने उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके बाद वरुण ने गाने पर डांस किया। वहीं, नोरा फतेही ने इसको कैमरे में कैद कर लिया। इसके अलावा वह श्रद्धा को चीयर कर रही थीं।

रेमो डिसूजा के डायरेक्शन में बनीं स्ट्रीट डांसर 3डी एबीसीडी सीरीज की तीसरी फिल्म है। यह फिल्म 24 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। वरुण धवन और श्रद्धा कपूर के अलावा इस फिल्म में प्रभुदेवा और नोरा फतेही प्रमुख भूमिका में हैं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कंगना रनौत की फिल्म पंगा से टकराएगी।

# अक्षय कुमार और रोहित शेट्टी के हाथों में हाथ डाल मुस्कुराती दिखीं कटरीना कैफ

कटरीना कैफ इन दिनों अपने मेकअप ब्रैंड के प्रमोशन के साथ ही फिल्म सूर्यवंशी की शूटिंग भी कर रही हैं। इस शूट को वह कितना इंजॉय कर रही हैं इससे जुड़े इमोशन्स उन्होंने अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट में शेयर किए, जिसके साथ उन्होंने बेहद प्यारी तस्वीर भी साझा की है। इंस्टाग्राम पर कटरीना ने जो फोटो शेयर किया है उसमें वह स्काई ब्लू कलर की साड़ी पहनी दिख रही हैं। उनके पीछे बीच और समुद्र दिखाई दे रहा है। फोटो में कटरीना खुलकर मुस्कुराते हुए अपने को-स्टार अक्षय कुमार और डायरेक्टर रोहित शेट्टी का हाथ थामे पोज देती दिख रही हैं। इस खूबसूरत फोटो के साथ कटरीना ने लिखा, साल की परफेक्ट शुरुआत... दोस्त, हंसी, मुस्कुराहट, सेट पर बेस्ट क्रू टीम। सेट पर हर दिन बहुत ज्यादा प्यार और खुशी से भरा हुआ रहा। फिल्म की शूटिंग ऐसे ही की जानी चाहिए। आप सभी से 27 मार्च को सिनेमा में मुलाकात होगी। बता दें कि, फिल्म सूर्यवंशी में अक्षय कुमार एक बार फिर पुलिसवाले के रोल में नजर आने वाले हैं। इस मूवी में अक्षय कई शानदार स्टंट्स देते भी दिखाई देंगे, जिसकी झलक सोशल मीडिया पर विडियोज व तस्वीरों के रूप में सामने आ चुकी हैं।

# करण जौहर ने शेयर किया मिस्टर लेले का पोस्टर




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलिवुड अभिनेता वरुण धवन इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी के प्रमोशन में जुटे हैं और इस बिजी शेड्यूल के बीच वरुण ने अपनी अगली फिल्म मिस्टर लेले का पोस्टर जारी कर दिया है। निर्देशक शशांक खेतान और वरुण धवन की जोड़ी ने बद्रीनाथ की दुल्हनिया और हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया जैसी सुपरहिट फिल्में दी हैं और अब यह जोड़ी तैयार है मिस्टर लेले के साथ।

फिल्म के पहले पोस्टर में वरुण धवन चड्डी में नजर आ रहे हैं, फिल्म के नाम और पोस्टर में वरुण की हालत देखकर जाहिर है कि फिल्म में वरुण एक ऐसा किरदार निभा रहे हैं, जो लगातार परेशानियों से जूझ रहा है। फिल्म में वरुण के किरदार का सरनेम लेले है, इसलिए फिल्म का टाइटल मिस्टर लेले रखा गया है।

मिस्टर लेले में वरुण के साथ जाह्नवी कपूर और भूमि पेडनेकर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जब फिल्म की घोषणा की गई थी, तब जाह्नवी की जगह कियारा अडवाणी को फाइनल किया गया था, लेकिन बाद में डेट्स की कमी की वजह से कियारा की जगह जाह्नवी को कास्ट किया गया। जाह्नवी को फिल्म की कहानी हाल ही में सुनाई गई और उन्होंने फिल्म के लिए हामी भी भर दी है।

खबरों की मानें तो शशांक अपनी इस फिल्म में शुरू से ही वरुण के साथ जाह्नवी की जोड़ी बनाना चाहते थे। शशांक और जान्हवी की दोस्ती धड़क के दौरान हुई, जान्हवी ने अपने करियर की शुरुआत शशांक की धड़क से ही की है। यह पहला मौका होगा, जब वरुण धवन और जान्हवी कपूर किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे।

फिल्म की पूरी कहानी मिडिल क्लास फैमिली के किरदारों, जो जान्हवी, भूमि और वरुण निभाएंगे, उनके इर्द-गिर्द घूमती है, तीनों एक रहस्यमयी घटना में शामिल होते हैं। फिल्म का कहानी तैयार है, लेकिन डायलॉग्स पर इस समय भी काम हो रहा है। फिल्म की शूटिंग फरवरी के पहले हफ्ते से शुरू हो जाएगी। फिल्म का पहला शेड्यूल मुंबई के वर्ली इलाके में शूट किए जाने की तैयारी है। फिल्म का यह पहला पोस्टर खुद करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए शेयर किया है। इस फिल्म अगले साल यानी 1 जनवरी 2021 में रिलीज़ होगी।

### बेटे अहान के बॉलिवुड डेब्यू पर बोले सुनील शेट्टी, उसे कोई नहीं रोक सकता

सुनील शेट्टी के बेटी अथिया के बाद अब उनके बेटे अहान भी बॉलिवुड में दस्तक देने को तैयार हैं। अहान तेलुगू की सुपरहिट फिल्म आरएक्स-100 के हिंदी रीमेक से बॉलिवुड में डेब्यू करेंगे। फिल्म में अहान के साथ तारा सुतारिया को कास्ट किया गया है।

सुनील ने कहा, मैं हमेशा से चाहता था कि साजिद नाडियाडवाला ही मेरे बेटे को लॉन्च करें। मुझे लगता है कि मैं ही वह व्यक्ति हूं जो यह फिक्र करे की अहान सही हाथों में है। फिल्म का डायरेक्शन मिलन लथूरिया कर रहे हैं, तारा सुतारिया जो पहले ही स्टार हैं वह पहली को स्टार हैं, अगर अहान मेहनत करे और लक उनके साथ हो तो उन्हें कोई नहीं रोक सकता। अहान शेट्टी की डेब्यू फिल्म का नाम तड़प होगा।

# जाह्नवी कपूर ने शेयर की पापा बोनी और चाचा अनिल की पुरानी तस्वीर

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इस समय चर्चित स्टार किड्स में से एक हैं। उन्होंने 2018 में करण जौहर की फिल्म धड़क से डेब्यू किया था। फिल्म में वह ईशान खट्टर के ऑपोजिट नजर आई थीं। वहीं, जाह्नवी कपूर की सोशल मीडिया पर बहुत लंबी फैन फॉलोइंग है। आए दिन वह फोटोज और विडियोज शेयर करती रहती हैं। जाह्नवी कपूर ने हाल ही में अपने पिता बोनी कपूर और अंकल अनिल कपूर की पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। यह तस्वीर 1980 में रिलीज हुई फिल्म हम पांच के सेट पर की है। इस फिल्म को बोनी कपूर ने प्रॉड्यूस किया था जबकि अनिल कपूर का फिल्म में कैमियो रोल था। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि बोनी कपूर कुर्सी पर बैठे हुए हैं और वहीं पर अनिल कपूर कुर्सी के नीचे हैट लगाकर बैठे हैं। प्रॉड्यूर के रूप में हम पांच बोनी कपूर की पहली फिल्म थी। जाह्नवी कपूर ने इस तस्वीर पर हार्ट इमोजी बनाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो जाह्नवी कपूर के पास इस समय कई फिल्में हैं। वह फिल्म दोस्ताना 2 में कार्तिक आर्यन के साथ और फिल्म तख्त में रणवीर सिंह, विकी कौशल, करीना कपीर, आलिया भट्ट, भूमि पेडनेकर और अनिल कपूर के साथ नजर आएंगी। करण जौहर की इन दो फिल्मों के अलावा जाह्नवी कपूर राजकुमार राव के साथ फिल्म रूहीआफ्जा और फिल्म गुंजन सक्सेना: द करगिल गर्ल में पकंज त्रिपाठी और अंगद बेदी के साथ नजर आएंगी।

# वरुण धवन का फनी विडियो हुआ वायरल



वरुण धवन और श्रद्धा कपूर अपनी फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी के प्रमोशन में जमकर जुटे हैं, क्योंकि इसकी रिलीज़ में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। फिल्म की पूरी टीम इसके प्रमोशन के मूड में नजर आ रही है और इसलिए वे अलग-अलग जगहों पर लगातार ट्रैवल कर रहे हैं।

हाल ही में स्ट्रीट डांसर 3डी के कास्ट अहमदाबाद, गुजरात पहुंचे, जहां उनको अपनी फिल्म का प्रमोशन करना था। उन्होंने वहां के लोकल लोगों के साथ काइट फेस्टिवल (पतंगों का त्योहार) को भी काफी इंजॉय किया और इसकी कई तस्वीरें और विडियो इंटरनेट पर नजर आए।

अब सिंगर ध्वनि भानुशाली एक फनी विडियो शेयर किया है, जिसमें वरुण और श्रद्धा नजर आ रहे हैं। इस विडियो में वरुण ध्वनि के हालिया सॉन्ग न जा तू पर लिप सिंक करते नजर आ रहे हैं। उनके गाने का अंदाज़ देखकर आपको पहले से ही लगेगा कि कुछ तो गड़बड़ है। दरअसल वरुण बस मुंह चला रहे हैं और पीछे गा रही हैं ध्वनि। इसके बाद साइड में ध्वनि के साथ श्रद्धा भी नजर आती हैं।

बता दें कि यह फिल्म 24 जनवरी 2020 को रिलीज़ हो रही है। श्रद्धा और वरुण की इस फिल्म में नोरा फतेही, प्रभुदेवा और अपारशक्ति खुराना लीड रोल में हैं। रेमा डिसूजा निर्देशित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कंगना रनौत की पंगा से टकराती नजर आएगी।